# अध्याय - 11 | प्रकृति की अमूल्य संपदा

QUIZ PART-02

1. **निम्नलिखित में से जल के उपयोगों का सही समूह कौन-सा है?**
   A. केवल पीना और नहाना
   B. केवल खाना बनाना
   C. केवल सफाई करना
   D. पीना, नहाना, खाना बनाना और सफाई करना (D)

*व्याख्या :* जल का उपयोग पीने, नहाने, भोजन बनाने और सफाई सहित अनेक कार्यों में होता है।

2. **पौधों, जीव-जंतुओं और कृषि के लिए क्या आवश्यक है?**
   A. जल
   B. प्लास्टिक
   C. काँच
   D. पेट्रोल (A)

*व्याख्या :* पौधों की वृद्धि, जीव-जंतुओं के जीवन और कृषि कार्यों के लिए जल आवश्यक है।

3. **निम्नलिखित में से कौन जल पर निर्भर करता है?**
   A. केवल खेल
   B. उद्योग
   C. केवल सड़कें
   D. केवल पुस्तकें (B)

*व्याख्या :* विभिन्न उत्पादन और सफाई प्रक्रियाओं के लिए उद्योग भी जल पर निर्भर करते हैं।

4. **पृथ्वी पर अधिकांश जल कहाँ पाया जाता है?**
   A. नदियों और झीलों में
   B. भू-जल के रूप में
   C. महासागरों और समुद्रों में
   D. तालाबों में (C)

*व्याख्या :* पृथ्वी पर जल का सबसे बड़ा भाग महासागरों और समुद्रों में पाया जाता है।

5. **मृदु या अलवणीय जल के बारे में कौन-सा कथन सही है?**
   A. यह सीमित मात्रा में उपलब्ध है
   B. यह केवल समुद्रों में मिलता है
   C. यह उपयोग के योग्य नहीं होता
   D. यह असीमित मात्रा में उपलब्ध है (A)

*व्याख्या :* उपयोग के योग्य मृदु जल सीमित मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए इसका संरक्षण आवश्यक है।

6. **तेल का रिसाव जलीय जीवों के लिए हानिकारक क्यों होता है?**
   A. तेल जल को मीठा बना देता है
   B. तेल जल को बर्फ में बदल देता है
   C. तेल सभी मछलियों को भोजन देता है
   D. तेल की परत सूर्य का प्रकाश जल के अंदर जाने से रोकती है (D)

*व्याख्या :* तेल जल की सतह पर मोटी परत बनाकर सूर्य के प्रकाश को रोकता है और जलीय जीवों को हानि पहुँचाता है।

7. **जल संरक्षण का उचित उपाय कौन-सा है?**
   A. उपयोग न होने पर भी नल खुला रखना
   B. रिसने वाले नलों की मरम्मत करवाना
   C. नदियों में कचरा फेंकना
   D. जल को व्यर्थ बहाना (B)

*व्याख्या :* रिसते नलों की मरम्मत कराने से जल की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सकती है।

8. **वर्षा जल संचयन क्या है?**
   A. समुद्री जल को खारा बनाने की प्रक्रिया
   B. नदियों का जल व्यर्थ बहाने की प्रक्रिया
   C. वर्षा के जल को भविष्य के उपयोग हेतु एकत्र और संग्रहित करना
   D. भूमिगत जल को प्रदूषित करने की प्रक्रिया (C)

*व्याख्या :* वर्षा जल संचयन में छतों या खुले क्षेत्रों से प्राप्त वर्षा जल को एकत्र, शुद्ध और संग्रहित किया जाता है।

9. **राजस्थान में पारंपरिक जल-संग्रह संरचनाओं को क्या कहते हैं?**
   A. बावड़ी B. वाव
   C. बाँध D. नहर (A)

*व्याख्या :* ऐसी संरचनाओं को राजस्थान में बावड़ी और गुजरात में वाव कहा जाता है।

10. **विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?**
    A. 5 जून
    B. 22 अप्रैल
    C. 1 जुलाई
    D. 22 मार्च (D)

*व्याख्या :* जल के महत्त्व और संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है।